झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/18/23 – 26 ,राँची/दिनांकः 01 /06/2023

पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (Para-Medical Entrance Competitive Examination)–2023 हेतु आवेदन पत्र भरने से संबंधित सांकेतिक सूचना

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची द्वारा राज्य के सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थानों के फार्मेसी, पारा–मेडिकल, ड्रेसर, मेडिकल लैब अटेंडेन्ट एवं रेडियोग्राफर अटेंडेन्ट पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष–2023–24 में नामांकन के लिए प्राप्त सहमति के आलोक में पर्षद द्वारा योग्य/उपयुक्त आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2.न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं आयु–सीमा :–

(क) इन्टरमीडिएट स्तरीयः–

(i) फार्मेसी पाठ्यक्रम में दो वर्ष तीन महीने का डिप्लोमा (2 Years 3 Months Diploma in Pharmacy Course) –

- **शैक्षणिक योग्यता** – 10+2 (विज्ञान) परीक्षा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित या जीव–विज्ञान के साथ उत्तीर्ण।
- **आयु–सीमा** – आवेदक परीक्षा वर्ष (2023) के 31 दिसम्बर को या उससे पहले 17 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो।

(ii) पारा–मेडिकल पाठ्यक्रम में द्विवर्षीय डिप्लोमा(2 Years Diploma in Para-Medical Course) – पारा–मेडिकल पाठ्यक्रम के अंतर्गत DMLT/MLT/Lab.Tech.; O.T.Technician/ Asst.; X-Ray/Radio Imaging Tech./Radiographer; Ophthalmic Assistant.; Anasthesia Tech.; ECG Tech./Non Invasive Cardiology Lab.Tech.; Dialysis Tech.; Cath Lab.Tech.; ICU Tech. ; Hearing Language & Speech Therapy एवं Sanitary Inspector कोर्स शामिल है।

- **शैक्षणिक योग्यता** – इन्टरमीडिएट विज्ञान/10+2 (विज्ञान) परीक्षा उत्तीर्ण।
- **आयु–सीमा** – उक्त पाठ्यक्रम के लिये कोई न्यूनतम एवं अधिकतम आयु–सीमा नहीं है।

(ख) **मैट्रिक स्तरीयः**– इसके अन्तर्गत ड्रेसर/मेडिकल लैब अटेंडेन्ट/रेडियोग्राफर अटेंडेन्ट पाठ्यक्रम में एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स (1 Year Certificate Course in Dresser/Medical Lab. Attendant/ Radiographer Attendant Course) शामिल है।

- **शैक्षणिक योग्यता** – मैट्रिक/माध्यमिक/10वीं/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।
- **आयु–सीमा** – उक्त पाठ्यक्रम के लिये कोई न्यूनतम एवं अधिकतम आयु–सीमा नहीं है।

3.महत्वपूर्ण तिथियाँ :–

क्र0 सं0	विवरण	तिथि
(क)	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की शुरूआत	02/06/2023
(ख)	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की समाप्ति	25/06/2023
(ग)	ऑनलाईन आवेदन पत्र में भरे गये प्रविष्टियों में संशोधन (Online Edit) की तिथि	26/06/2023 से 27/06/2023
(घ)	**प्रतियोगिता परीक्षाओं की आयोजन तिथि :–** क) इन्टरमीडिएट स्तरीय फार्मेसी पाठ्यक्रम एवं पारा–मेडिकल पाठ्यक्रम में डिप्लोमा PCB/PCM ग्रुप ख) मैट्रिक स्तरीय सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम	**16 जुलाई, 2023** पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:30बजे तक
(ङ)	जिला मुख्यालय जहाँ उक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी	राँची

4. आवेदन–सह–परीक्षा शुल्क :–

कम सं0	कोटि / कोटा	राशि	अभियुक्ति
(क)	सामान्य (General)/आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग (EWS) / पिछड़ी जाति–I (BC-I) / पिछड़ी जाति–II (BC-II)	900.00	दिव्यांग आवेदकों को आवेदन–सह–परीक्षा शुल्क देय नहीं हैं।
(ख)	अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) / सभी कोटियों की महिलायें (Female of all Categories)	450.00	

5. यह केवल सांकेतिक सूचना है। परीक्षा से संबंधित विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना यथा–आवासीय अहर्ता, आयु–सीमा अहर्ता, दिव्यांगों हेतु आरक्षण, मेधा–सूची के निर्माण इत्यादि हेतु विज्ञापन संख्या– जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 18 / 23– २५ दिनांक – 01 / 06 / 2023 अवश्य देखें जो पर्षद के वेबसाईट https://jceceb.jharkhand.gov.in/ के Homepage पर "Important Notice" कॉलम में जारी कर दिया गया है।

6. संशय / दुविधा की स्थिति में पर्षद कार्यालय के दूरभाष संख्या– 9264473891 या 9264473893 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(अंजली यादव, भा॰प्र॰से॰)
परीक्षा नियंत्रक